| Sl. No. | Name of the Company | Minerals | Area/Distt./State | Date of Approval by the Central Govt. |
|---|---|---|---|---|
| 29. | M/s Meridian Minerals India (P) Ltd. | Lead, zinc, copper, gold, bismuth, cadmium, silver and associated minerals | 311.125 Sq. Kms. Distt. Ajmer (Rajasthan) | 30.4.1998 |
| 30. | M/s RBW Minerals Industries Ltd. | Lead, zinc, copper, gold, nickel, silver, cadmium and associated minerals | 100.87 Sq. Kms. Distt. Pali (Rajasthan) | 30.4.1998 |
| 31. | M/s RBW Minerals Industries Ltd. | Lead, zinc, copper, gold, cadmium, silver and associated minerals | 3875.00 Sq. Kms. Distts. Bundi, Tonk, Bhilwara and Chittorgarh (Rajasthan) | 30.4.1998 |
| 32. | M/s RBW Minerals Industries Ltd. | Lead, zinc, copper, gold, nickel, bismuth, cadmium, silver and associated minerals | 3000.00 Sq. Kms. Distts. Pali & Rajsamand (Rajasthan) | 30.4.1998 |
| 33. | M/s Geomysore Services (India) Pvt. Ltd. | Copper, lead, zinc, gold, molybdenum, diamond, nickel and platinum | 3490.00 Sq. Kms. Distts. Nagpur, Bhandara & Gadchiroli (Maharashtra) | 30.4.1998 |
| 34. | M/s Phelps Dodge Exploration India Pvt. Ltd. | Copper and associated minerals | 2472 Sq. Kms. Distts. Singhbhum (East) and Singhbhum (West), Bihar | 13.5.1998 |
| 35. | M/s WSIL Minerals Sands India Pvt. Ltd. | Copper, lead, zinc, gold, silver & associated minerals | 1709.705 Sq. Kms. Bhilwara, Ajmer Pali & Rajasamand (Rajasthan) | 5.6.1998 |
| 36. | M/s WSIL Minerals Sands India Pvt. Ltd. | Copper, lead, zinc, gold, silver & associated minerals | 1200.00 Sq. Kms. Distt. Udaipur (Rajasthan) | 5.6.1998 |
| | | TOTAL- | 51917.55 | |

**देवभोग में हीरों के भंडार के खनन का प्रस्ताव**

1289. **श्री राघवजी:** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने देवभोग क्षेत्र में स्थित हीरों के भंडार के खनन के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) हीरे जैसी बहुमूल्य वस्तुओं के खनन के संबंध में केन्द्र सरकार की क्या नीति है?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस):** (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश के देवभोग क्षेत्र में हीरे का खनन पट्टा प्रदान करने के लिए किसी आवेदन की सिफारिश नहीं की है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) खनिज रियायतें खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार संबंधित राज्य सरकारों द्वारा दी जाती हैं। खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 के अनुसार खनन अधिकार "कम्पनी" अधिनियम, 1956 की धारा (3) की उपधारा (1) में परिभाषित किसी कम्पनी या भारतीय नागरिक को ही दिए जा सकते हैं। लेकिन, खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 की प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी खनिज के लिए पूर्वेक्षण

लाइसेंस या खनन पट्टा, केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं दिया जाएगा। "हीरे" इस अधिनियम की उपरोक्त प्रथम अनुसूची मे आते है।

### अजमेर में जिंक के भंडार

1290. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अजमेर (राजस्थान) में जिंक के भंडार पाये गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अजमेर (घुघरा भुनाबे क्षेत्र) में जिंक के खनन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, यदि नहीं, तो इसके कब तक आरंभ होने की संभावना है; और

(घ) अजमेर में कितने भूक्षेत्र में जिंक के भंडार उपलब्ध हैं और इसकी अनुमानित मात्रा कितनी है?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस):** (क) और (ख) जी हां। राजस्थान के अजमेर जिले मे निम्नलिखित महत्वपूर्ण जस्ता सीसा भंडार पाए गए हैं:—

| | भण्डार (एम०टी०) | जस्ता (%) | सीसा (%) |
|---|---|---|---|
| कयार | 10.00 | 14.89 | 2.67 |
| घुरा | 5.52 | 3.35 | 1.88 |
| कनकराया | 9.01 | 3.22 | 2.56 |
| मदारपुरा | 6.6 | 5.51 | — |
| भुनावे | | | |
| कालाबाड़ खण्ड | 1.25 | 6.76 | — |
| टिखी खण्ड | 1.47 | 2.54 | 1.90 |
| सावर खण्ड | 0.90 | 1.45 | 2.54 |
| बेजता सेन्ट्रल ब्लाक | 1.22 | 3.84 | 2.57 |
| गणेशपुर खण्ड | 0.766 | 5.75 | (कुल सीसा+जस्ता) |
| टिखी एक्सटेंशन नार्थ ब्लाक | 0.4 | 3.93 | (कुल सीसा+जस्ता) |

(ग) जी, अभी नहीं। हिन्दुस्तान जिंक लि० (एच जेड एल) ने घुघरा क्षेत्र में खनन पट्टा प्राप्त किया है। परन्तु भण्डारों की आर्थिक व्यवहार्यता का अभी मूल्यांकन किया जाना बाकी है जिसके लिए अतिरिक्त गवेषण कार्य की आवश्यकता पड़ सकती है।

(घ) अधिकांश भंडार अजमेर के आस-पास 80 वर्ग कि०मी० क्षेत्र में है। कुल लगभग 37.14 मिलियन टन के भण्डारों का अभी तक अनुमान लगाया गया है।

### सरकार द्वारा घोषित खनन परियोजनाएं

1291. **श्री अखिलेश दास :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में सरकार द्वारा कितनी खनन परियोजनाएं घोषित की गई हैं;

(ख) उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जो निर्धारित समय सारणी से पीछे चल रही हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ग) प्रत्येक परियोजना के संबंध में लागत मे कितनी वृद्धि हुई है; और

(घ) इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस):** (क) पिछले पांच वर्षों के दौरान, खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की खनन परियोजनाओं के बारे में सरकार ने नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लि० की बाक्साइट खानों, एल्मिना शोधनशाला और एल्युमिनियम संयंत्र की क्षमता